संपादकीय

सावन के सहचरों के भरोसे सरकार

अभी कोई मानसून का सीजन नहीं आया हुआ था। जिस पार्टी कार्यालय पर पांच साल तक सन्नाटा छाया रहता था और केवल दिवंगत नेताओं को याद किया जाता था, उसकी गलियों में भीड़ इतनी थी कि पैर रखने की भी जगह नहीं थी। हरी घास के बीच में वहां मानसूनी वर्षा से अधिक कुकुरमुत्ते उग आये थे। वैसे राजनीति में तो छुटभैये कुकुरमुत्ते की तर्ज पर मौका पाते ही प्रकट हो जाते हैं। भीड़ में सिर उठाने लगते हैं। और तो और किसी भी बुजुर्ग से दिखने वाले फ्लाप्ड-नेता के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा अपनी लॉयल्टी ऐसे दिखायेंगे कि जैसे उनका पूरा परिवार देश की आजादी के लिये शहादत देता आया है।

बैरिकेडिंग लांघ कर एक जाने-पहचाने से छुटभैया जा रहे थे। मैंने पूछा-अरे तुम यहां कैसे? वह पलट कर बोला-अरे पत्रकारजी, आपको नहीं मालूम हमारी अपनी सरकार आ गयी है। मेरे तो पिताजी, ससुरजी सभी इस हाथ वाली पार्टी की सांसों में बसे हैं। 'कल तक तो आप गले में भगवा दुपट्टा डाले सिविल लाइंस में भ्रमण करते दिखते थे। आज ये अचानक पार्टी के पुजारी कैसे हो गये?' उनका सीधा-सा जवाब था-अगर वो भगवा नहीं पहनता तो मुझे वहां कौन विचरने देता? मेरी तो फैमली गांधीजी के आदर्शों पर चल कर अहिंसा और त्याग की उपासक है। बस एक बार बड़े नेताजी के दर्शन हो जायें, उनकी नजर में आ जाऊं तो इस नाचीज का जीवन सफल हो जायेगा।

'चलो एक बार नेताजी के दर्शन भी हो गये तो होगा क्या उससे? अपना समय और आफिस से फर्लो मार कर आये हो वो अलग!' मैंने टोका तो वह सुनता-सुनता नाचीज भीड़ को चीरता हुआ और अपनी सफेद गांधी कैप हवा में लहराता हुआ अंदर छोटा-सा ग्रिल का दरवाजा पार कर गया।

उसके बाद एक और नाचीज मिला। उसकी भी वही एक मात्र इच्छा। उससे जब पूछा कि इससे क्या हासिल कर लोगे तो वह बोला-ये सरकार पांच साल क्या बिना छुटभैया के चल लेगी। नारे कौन लगायेगा? गुलाब के फूलों की पत्तियां कौन बरसायेगा? भीड़ का हिस्सा कौन बनेगा? विपक्ष के खिलाफ मोर्चा कौन खोलेगा? वो तो सचिवालय में बैठेंगे। सरकार तो पांच साल में फिर बदल जाती है, जमीनी कार्यकर्ता कहां से नया लाओगे? सरकार, मंत्री और संतरी के बीच का सेतु ये बेचारा कार्यकर्ता होता है जो एक उनके साथ सेल्फी चाहता है ताकि उसके प्रशंसक बनें, उसे काम मिले और वो काम कराये, इन नये-नये नेताओं से। इसी से ही भारत का विकास होगा। एक कार्यकर्ता और एक मजदूर की जिम्मेदारी एक समान है। पत्रकारजी, समझो हमारी भावना। भगवा सरकार ने हमें एक सेल्फी का मौका नहीं दिया तो वो हारी कि नहीं?

ड्राइविंग लाइसेंस, ई-डॉक्यूमेंट को केंद्र की मंजूरी अब साथ नहीं रखना होगा

नई दिल्ली। जरा सोचें कि आप सड़क पर अपने वाहन के साथ घूम रहे हैं, लेकिन आप अपने वाहन के दस्तावेज इत्यादि घर पर भूल गए हैं तो आपकी सबसे बड़ी चिंता होगी कि यातायात पुलिस का कोई सिपाही आपको ना रोक ले, क्योंकि आपको चालान कटने का डर होगा या फिर आपको हो सकता है कि कुछ रिश्वत खिलानी पड़े। इस दौरान आपका सड़क से ध्यान भी भंग हो सकता है। लेकिन जरा सोचिए कि आपके मोबाइल में सारे दस्तावेज मौजूद रहें, तो आपके लिए सड़क पर वाहन लेकर निकलना कितना तनावमुक्त होगा। दूसरा आपको मूल दस्तावेज के गुम होने का डर भी नहीं रहेगा।

आपकी इसी समस्या के समाधान के लिए केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों

से कहा है कि वे कानून अनुपालन करने वाली एजेंसियों द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के पंजीकरण, बीमा इत्यादि से जुड़े दस्तावेजों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में स्वीकार करना शुरू करें।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने मंगलवार को राज्यों के लिए परिचालन की मानक प्रक्रियाएं (एसओपी) जारी कीं। इसमें कहा गया है कि वाहन स्वामी ड्राइविंग लाइसेंस और बीमा प्रमाणपत्र जैसे दस्तावेजों को डिजिलॉकर और एमपरिवहन जैसे मोबाइल एप पर भी दिखा सकते हैं।

इसमें कहा गया है कि इसी तरह यातायात पुलिस और परिवहन विभाग जैसी कानून अनुपालन एजेंसियां भी ई-चालान एप से इन दस्तावेजों की पुष्टि कर सकेंगी, क्योंकि इस एप में ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन दस्तावेजों के ऑनलाइन सत्यापन के लिए आंकड़े मौजूद हैं। मंत्रालय के अनुसार इससे कानून अनुपालन एजेंसियों को चालान काटने के बाद दस्तावेजों को संभालने के झंझट से मुक्ति मिलेगी। वहीं नागरिकों को भी चालान जमा करने के बाद दस्तावेजों को वापस लेने की परेशानी से निजात मिलेगी।

कल से पांच दिन तक बंद रहेंगे बैंक

कोलकाता (आरएनएस)। ग्यारहवीं द्विपक्षीय वेतन संशोधन वार्ता के लिए बिना शर्त आदेश पत्र जारी करने की मांग को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) द्वारा 26 दिसंबर को आहूत हड़ताल से पहले बैंक अधिकारिकों के एक यूनियन ने भी 21 दिसंबर को हड़ताल का ऐलान किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। हड़ताल और छुट्टियों के कारण बैंक सोमवार को छोड़कर अगले शुक्रवार से बुधवार तक बंद रहेंगे। इन दिनों बैंकिंग सेवाएं बुरी तरह प्रभावित रहेंगी।

इसके बाद बैंक 22 दिसंबर और 23 दिसंबर को चौथे शनिवार और रविवार के कारण बंद रहेंगे, जबकि 25 दिसंबर को क्रिसमस का राष्ट्रीय अवकाश है। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कंफेडरेशन (एआईबीओसी) के सहायक महासचिव सजय दास ने कहा, हमने 2017 के मई में प्रस्तुत मांग-पत्र के आधार पर 11वीं द्विपक्षीय वेतन संशोधन वार्ता के लिए पूर्ण और बिना शर्त आदेश पत्र जारी करने की मांग को लेकर 21 दिसंबर को हड़ताल का आह्वान किया है। वेतन संशोधन पर चर्चा शुरू होने के 19 महीनों बाद भी अबतक कोई प्रगति नहीं हुई है।

उनके मुताबिक, यूनियन के 3.2 लाख से अधिक अधिकारी इस हड़ताल में शामिल होंगे, क्योंकि इंडियन बैंक्स एसोसिएशन की तरफ से उन पांच बैकों को राजी करने के लिए अभी तक कोई स्पष्ट पहल नहीं की गई है, जिन्होंने अभी तक बिना शर्त वाला आदेश पत्र जारी नहीं किया है। हड़ताल के दौरान शुक्रवार को एटीएम सेवाएं सामान्य रहने की संभावना है, जबकि 26 दिसंबर को एटीएम सेवाएं प्रभावित होंगी। यूनियन की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष शुभज्योति बंदोपाध्याय ने कहा कि यह हड़ताल तीन सरकारी बैंकों -बैंक ऑफ बड़ौदा, विजया बैंक और देना बैंक- के विलय के खिलाफ भी की जा रही है।

ब्यूटी से लेकर फिटनेस प्रोडक्ट्स तक की होगी भरमार-अब ट्रेनों में कर सकेंगे शॉपिंग

मुंबई (आरएनएस)। रेलवे ने अपनी इनकम में इजाफा करने के लिए एक नई योजना बनाई है जिसके चलते यात्री ट्रेनों में शॉपिंग भी कर सकेंगे। यह सेवा जनवरी 2019 के पहले सप्ताह से शुरू होगी और 16 मेल और एक्सप्रेस ट्रनों में यह सर्विस मिलेगी। यहां गौर करने वाली बात यह है कि यह सुविधा सभी ट्रनों के लिए नहीं होगी।

मेसर्स एचबीएन प्राइवेट लिमिटेड को 3.66 करोड़ रुपए में 5 वर्ष का कॉन्ट्रैक्ट भी दे दिया गया है। जानकारी के मुताबिक ट्रन में 1 फुट एक्स 3 फुट एक्स 3 फुट की अधिकतम डायमेंशन वाले शॉपिंग कॉर्ट सहित दो सेल्समेन रहेंगे। पहले चरण में तीन ट्रेनों जिसमें मुंबई-अहमदाबाद शताब्दी एक्सप्रेस शामिल है, में यह सुविधा मिलेगी। शॉपिंग करने के लिए यात्री कैश के अलावा क्रेडिट और डेबिट कार्ड का भी इस्तेमाल कर पाएंगे। ट्रेन में सौंदर्य, होम, किचन और फिटनेस के सामान बेचा जाएगा और इसके लिए सुबह 8.00 बजे से रात के 9.00 बजे तक का ही समय निर्धारित किया गया है। फिलहाल रात में सामान बेचने की अनुमति नहीं दी गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए कैटलॉग भी होंगे।

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में विराट का बादशाहत बरकरार

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में खेले गए दूसरे क्रिकेट टेस्ट में अपने 25वें शतक की बदौलत आईसीसी टेस्ट बल्लेबाज़ी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान और मजबूत कर लिया है।

विराट के लिये न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन को खतरा माना जा रहा था लेकिन पर्थ टेस्ट में उनकी शतकीय पारी की बदौलत उन्होंने गुरूवार को ताज़ा जारी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में बल्लेबाज़ों में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। विराट ने दूसरे नंबर के विलियम्सन से अपने रेटिंग अंकों का फासला बढ़ाया है और वह अब 934 अंकों के साथ नंबर एक रैंकिंग पर और मजबूत हुये हैं। 900 का आंकड़ा पार करने वाले न्यूजीलैंड के पहले बल्लेबाज़ बने विलियम्सन के अब 915 रेटिंग अंक हैं और वह विराट से 19 अंक पीछे हैं। विराट ने पर्थ में खेले गये दूसरे टेस्ट में आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी जमीन पर अपना सातवां टेस्ट शतक बनाया था।

पेटीएम से ट्रेन टिकट बुकिंग करवाने पर नहीं लगेंगे अतिरिक्त शुल्क

नयी दिल्ली (आरएनएस)। डिजिटल पेमेंट कंपनी पेटीएम ने अपने प्लेटफार्म पर ट्रेन टिकट बुकिंग पर सभी लेनदेन शुल्क, पेमेंट गेटवे और सेवा शुल्क नहीं वसूलने की पेशकश की है।

कंपनी ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा कि पीएनआर स्टेटस चैक करने से लेकर टिकट बुक करना सभी काम एक मिनट के अंदर हो जाएंगे और टिकट रद्द कराने पर रिफंड भी तत्काल मिल जाएगा। उसने कहा कि ट्रेन टिकट बुकिंग के लिए सबसे पंसदीदा प्लेटफार्म बनने की दिशा में नयी पेशकश की गयी है।

आज का राशिफल

मेषः गणेशजी के कथनानुसार आज का दिन आनंद व उल्लास से भरा हुआ होगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा होगा। आज किए गए हर कार्य में सफलता मिलेगी। घर का वातावरण प्रफुल्लित करेगा।

वृषभः आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। अनेक प्रकार की चिंता सताएगी, स्वास्थ्य नरम रहेगा। स्वजनों और स्नेहीजनों के साथ मतभेद हो सकते हैं।

मिथुनः आज का दिन शुभफलदायी है। व्यापार में तथा आय में वृद्धि होगी। मित्रों से लाभ होगा। नौकरी में उच्चाधिकारियों की कृपादृष्टि से आपके लिए पदोन्नति संभव है।

कर्कः आज का दिन आपके लिए शुभ है। शिवयोग के शुभ प्रभाव से कार्यक्षेत्र में अधिकारी खुश रहेंगे। नौकरी करनेवालों के लिए पदोन्नति का योग बनेगा। परिवार में मैत्रीपूर्ण वातावरण बना रहेगा।

सिंहः आज का दिन आलस्य तथा थकान में बीतेगा। उग्र स्वभाव से मानसिक रूप से व्यग्रता रहेगी। पेट में तकलीफ हो सकती है। सफलता प्राप्त करने के लिए परिश्रम अधिक करना पड़ेगा।

कन्याः खान-पान में विशेष रूप से ध्यान रखने की जरूरत है। आवेश और क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, सेहत का ध्यान रखें। वाणी पर भी संयम बरतिएगा। अनैतिक कार्यों से दूर रहें।

तुलाः आज सांसारिक विषयों का आनंद लेंगे। परिजनों के साथ सामाजिक कार्य हेतु बाहर जा सकते हैं। छोटे से प्रवास का आयोजन होगा। व्यापारीगण व्यापर में वृद्धि कर सकते हैं।

वृश्चिकः आज पारिवारिक जीवन में आनंद रहेगा। प्रतिस्पर्धी एवं दोस्त के वेश में छिपे शत्रु अपने प्रयासों में असफल रहेंगे। दफ्तर में सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। स्त्री मित्रों के साथ मेल-मिलाप व प्रणय प्रसंग से आनंद में वृद्धि होगी।

धनुः सेहत का ध्यान रखें, उदर में तकलीफ हो सकती है। किसी भी कार्य में सफलता न मिलने से निराश हो सकते हैं। साहित्य या अन्य किसी रचनात्मक कला के प्रति रुचि रहेगी। संतानो के प्रति चिंता रहने से मन में व्यग्रता रहेगी।

मकरः आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा। आज आप में स्फूर्ति का अभाव हो सकता है। परिजनों के साथ वाद-विवाद अथवा निरर्थक चर्चा के प्रसंग बनेंगे।

कुंभः आज तन-मन से स्वस्थ और आनंदित रहेंगे। साथ में शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। पारिवारिक वातावरण आनंदित रहेगा। विशेष कर भाई-बहनों के साथ संबंधो में मधुरता का अनुभव करेंगे।

मीनः नकारात्मक विचारों को अपने मन में ना आने दें। ोध और वाणी पर संयम बरतें। किसी से वाद-विवाद या झगड़े में उलझना आपके लिए ठीक नहीं है।

इन जगहों पर कभी न जाएं जूते-चप्पल पहन कर

शास्त्रों के अनुसार कई जगहें ऐसी हैं, जहा पर कभी भी चप्पल या जूते पहन कर नहीं जाना चाहिए। जो व्यक्ति इन जगहों पर चप्पल या जूते पहन कर जाता हैं। उसकी किस्मत को खराब होने में देर नहीं लगती हैं। दरअसल इन जगहों को शास्त्रों में काफी ज्यादा पवित्र माना गया है। ऐसे में इन स्थानों पर चप्पल-जूते ले जाने से माता लक्ष्मी नाराज हो जाती हैं। जिसके कारण घर में पैसे की कमी के अलावा और भी कई प्रकार की समस्याएं पैदा होने लगती है।

इन जगहों पर भूल कर भी चप्पल-जूते पहन कर न जाये-

भंडार घर- भंडार में कभी भी चप्पल-जूते नहीं पहन कर जाना चाहिए। जो मनुष्य इस बात का ख्याल नहीं रखता, उसके घर में अन्न की कमी हो जाती हैं। साथ ही ऐसा करने से घर में गरीबी बढ़ जाती हैं।

रसोई घर- रसोई घर जहां पर मां अन्नपूर्णा का वास होता हैं। साथ ही इस जगह पर अग्नि देव भी रहते हैं। ऐसे में किचन में जूते-चप्पल पहन कर दाखिल होना अशुभ ही हैं। ऐसा करने से अग्नि देव और मां अन्नपूर्णा रुष्ट हो जाते हैं।

पवित्र नदी में- पवित्र नदी में स्नान करने से पहले पहनी हुई चप्पल या जूते या चमड़े से बनी वस्तुएं को उतार कर रख देना चाहिए। चप्पल, जूतों के साथ नदी में प्रवेश करने से पाप लगता हैं।

मंदिर- कभी भी गलती से भी मंदिर में चप्पल-जूते न पहन कर जाये। इससे मंदिर के देवी-देवता आपसे नाराज और क्रोधित हो सकते हैं।

शास्त्रों के अनुसार मंदिर में जूते-चप्पल को पहन कर दाखिल होने से मंदिर भी अशुद्ध और अपवित्र को जाता हैं।

प्रीति जिंटा ने खरीदे सबसे ज्यादा खिलाड़ी

नई दिल्ली। सबसे ज्यादा बजट किंग्स इलेवन पंजाब के पास था, किंग्स XI पंजाब के पास 36.2 करोड़ रूपये का बजट था। जयपुर में हुए आईपीएल 2019 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी हो चुकी है। मालूम हो कि वो बिडिंग काफी शानदार रही थी। 40 भारतीय और 20 विदेशी खिलाड़ियों पर 8 फ्रेंचाइजियों ने बोली लगाई थी। किंग्स 11 पंजाब ने अपनी टीम में कई बड़े बदलाव किए हैं जिनसे उनके फैंस कंफ्यूज को गए हैं। उन्होंने रिटेन करते वाले खिलाड़ियों को रिलीज कर लिया था। जिसमें से सबसे बड़ा नाम युवी थे। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन दिया लेकिन फिर उनको रिलीज कर दिया गया था। क्रिस गेल, केएल राहुल, आर अश्विन और डेविड मिलर को उन्होंने रिटेन किया है।

विदेशी खिलाड़ियों की बात करें तो मुजीब उर रहमान, एड्रियु टाई, क्रिस गेल और डेविड मिलर बड़े नाम हैं। मयमक अग्रवाल और अंकित राजपूत इस बार खेलते दिख सकते हैं। केएल राहुल ने पिछले सीजन में बेहतरीन प्रदर्शन दिया था और सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे इसलिए पंजाब ने उनको रिटेन किया है। टीम के ओपनर्स- लोकेश राहुल, क्रिस गेल, मयंक अग्रवाल।

सर्दियों में बनाइए सौंठ और मेथी के लड्डू करेंगे कई फायदा

सर्दियों में सौंठ और मेथी के लड्डू बहुत ही फायदा करता है। यहां जानें रेसिपी:

सामग्री

- घी- 60 ग्राम
- आटा- 1 कप
- मेथी- 1 चम्मच
- सौंठ- 1 चम्मच
- काली मिर्च- 1 चम्मच
- गुड़ की शक्क र- 4 चम्मच

विधि

कड़ाही में घी गर्म करें और उसमें आटे को धीमी आंच पर अच्छी तरह से भून लें। आटे को अच्छी तरह से भूनने में लगभग आधे घंटे का वक्त लगता है। जब आटे का रंग सुनहरा हो जाए तो गैस बंद कर दें। भुने हुए आटे को एक प्लेट में डालकर फैला दें और आटे को ठंडा होने दें। अगर आटा ठंडा नहीं होगा तो उसमें चीनी डालते ही उसका टेक्सचर बदलने लगेगा। एक दूसरे पैन में काली मिर्च, मेथी और सौंठ को सूखा भून लें और पीस लें। जब आटा पूरी तरह से ठंडा हो जाए तो एक बरतन में आटा, काली मिर्च वाला पाउडर, सौंठ और चीनी डालें और हथेलियों की मदद से मिश्रण को अच्छी तरह से मिलाएं। अब थोड़ी-थोड़ी मात्रा में मिश्रण को हथेलियों के बीच रखें और लड्डू का आकार दें। इच्छा हो तो उसे बादाम और पिस्ता से गार्निश भी कर लें। लड्डू को एयर टाइट डिब्बे में रखें और चार से छह सप्ताह तक इस्तेमाल में लाएं।

शब्द सामर्थ्य-23

बाएं से दाएं :
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 22 का हल

स्वा	द		सा	म	ना		कै	दी
व		ख	ल	ना	य	क		वा
लं	प	ट		ना	क	क	ट	ना
बी		प				ड़ी		प
	अ	ट	प	टा			शा	न
स	ह		यो			र	ति	
ह	म		द	र	ब	द	र	
म	क	र		सी	ल			
त		क्षा		द	वा	खा	ना	

सू-दोकू-23

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.22 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6